>

Title: Need to approve and provide financial assistance for Bus Rapid Transit System (BRTS) in Jaipur.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक छोटी सी बात बताना चाहता हूं कि जयपुर शहर में इस समय यातायात की समस्या बहुत गंभीर है। अब यह बात सत्य है कि इस सदन से यातायात की समस्या का कोई संबंध नहीं है। आज बैंक्स बड़े प्रेम पूर्वक, उदारतापूर्वक लोगों को धन दे रहे हैं। गाड़ी भी खड़ी रहती है कि चाभी भी ले जाओ और पैसे भी ले जाओ। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जयपुर में सुगम यातायात प्रथम चरण में 469 करोड़ रुपये की लागत से बस रेपिड ट्रांजिट सिस्टम बीआरटीएस परियोजना बनी है। जवाहर लाल नेहरू रेनूवल मिशन के तहत यह योजना बीआरटी के आधार पर क्रियान्वित की जायेगी। इस योजना के तहत शहर में उच्च क्षमतायुक्त कम्प्यूटराइज्ड आधुनिक बसें राहगीरों को उनके गंतव्य तक पहुंचायेगी। इसके लिए शहर में 42 किलोमीटर लम्बा कॉरीडोर गवर्नमैंट होस्टल से एयरपोर्ट, अजमेर बाईपास-सीकर रोड़ से ट्रांसपोर्ट नगर वाया एमआई रोड, अमृतसर से अजमेर बाईपास तक निर्मित किया जायेगा। इसमें 75 जोन्स से 150 बस रूट्स निर्धारित किये गये हैं।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि यह योजना उनसे संबंधित है। राज्य सरकार ट्रैफिक को कंट्रोल करने के नाते प्रयास तो कर रही है, लेकिन मेरी केन्द्र सरकार से प्रार्थना है कि यह परियोजना जो जवाहर लाल नेहरू जी के नाम पर बनायी गयी है, उसको कार्यान्वित करने के लिए भारत सरकार भी कुछ रकम दे, तो यह योजना जल्दी सफल हो सकेगी। जयपुर में ट्रैफिक की समस्या जो गंभीर रूप धारण कर रही है, उस समस्या का भी समाधान हो सकेगा। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।